अर्द्धशासकीय पत्रांक / 18785 / 2014–15 दिनांक : 06 जनवरी, 2015

सीमा जौनसारी
निदेशक

उत्तराखण्ड सरकार

प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग, देहरादून
टेलीफोन 0135–2781827
फैक्स 0135–2781828

प्रिय महोदय,

सर्वप्रथम आपको नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें। मैंने आज दिनांक 06 जनवरी 2015 को निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रारम्भिक शिक्षा के सफल संचालन में आपसे मुझे समुचित सहयोग प्राप्त होगा ऐसा मेरा विश्वास है।

प्रारम्भिक शिक्षा में मुख्यतः अध्यापकों के विद्यालय में उपस्थित न रहने अथवा किसी अन्य कार्य से अन्यत्र होने की सूचनायें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होती हैं, ऐसे में मेरी अपेक्षा रहेगी कि पूर्व में अध्यापकों को शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्यों में कार्ययोजित न किये जाने के शासनादेशों को कड़ाई से अनुपालन कराया जाय, जिससे शिक्षण कार्य बाधित न हो।

शिक्षकों, विशेषतः सेवानिवृत शिक्षकों के देयक, चिकित्सावकाश आदि प्रकरण यदि लम्बित हों तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर 30 जनवरी 2015 तक अवश्यमेव निस्तारित कर लिया जाए। अध्यापको के अधिकांश कार्य विकास खण्ड स्तर पर ही सम्पादित होते है अतः समस्त उप शिक्षा अधिकारी अभियान चलाकर ऐसे समस्त लम्बित प्रकरणों को 30 जनवरी 2015 तक अनिवार्य रूप से निस्तारित करा लें। तत्पश्चात शिक्षकों की सेवापुस्तिकाओं की अंकना, सेवा सत्यापन के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और 31 मार्च तक की अंकनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त यह भी अपेक्षा है कि आप अपने कार्यालय में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापको के स्वीकृत कार्यरत एवं रिक्त पदों की विकासखण्डवार स्थिति को प्रत्येक पक्ष में नियमित रूप से अपडेट करेंगे तथा वर्ष में की गयी पदोन्नतियों का लेखा जोखा भी पृथक से रखा जाए।

आधुनिक समय में तकनीकी का प्रयोग दैनिक कार्यों में किया जाना विभागीय हित में होगा। आज के समय में प्रायः सभी के द्वारा स्मार्ट फोन का प्रयोग किया जाता है। मेरी अपेक्षा है कि प्रथम चरण में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व निदेशालय के अधिकारियों का एक वाट्स एप्प ग्रुप बना लिया जाए। जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन किसी विद्यालय की प्रार्थनासभा में प्रतिभाग करेंगे और वहां भी गतिविधियों के चित्र वाट्स एप्प के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे। इस प्रकार की तकनीकियों के प्रयोग से विभागीय कार्यो में गतिशीलता आयेगी तथा इसके सार्थक परिणाम भी निकट भविष्य में दृष्टिगोचर होंगे।

निदेशालय स्तर से अपरिहार्य स्थितियों में ही आपसे आख्या / सूचनायें उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की जाती है। निदेशालय के पत्रों पर गम्भीरतापूर्वक एवं तत्काल कार्यवाही की अपेक्षा रहती है। अतः बिना अनुस्मारक की प्रतीक्षा के इन पर कार्यवाहियां सम्पादित कर ली जांए। आप

अपने कार्यालय के पावती पंजिका का साप्ताहिक अवलोकन कर समयबद्ध कार्यसंचालन सुनिश्चित करायेंगे।

आप नववर्ष में नये उत्साह के साथ विभागीय कार्यों का संचालन करते हुए अधीनस्थों को प्रभावी नेतृत्व भी प्रदान करें, ऐसी मेरी कामना है।

शुभकामनाओं सहित

भवदीय

6/1/15

(सीमा जौनसारी)

सेवा में

जिला शिक्षा अधिकारी (नाम से)
प्रारम्भिक शिक्षा
....

पृ0सं0:— / 2014–15 तद्दिनांकित।

आदरणीय महोदय

इस अर्द्धशासकीय पत्रांक की प्रतिलिपि आपके संज्ञान एवं मार्गदर्शनार्थ प्रेषित कर रही हूँ।

भवदीय

(सीमा जौनसारी)

सेवा में

डा0एम0सी0 जोशी
सचिव
विद्यालयी शिक्षा,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

पृ0सं0:— / 2014–15 तद्दिनांकित।

प्रिय महोदय

इस अर्द्धशासकीय पत्रांक की प्रतिलिपि आपको इस आशय से प्रेषित कर रही हूँ कि अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देशित कार्यों की समीक्षा अपने स्तर पर सुनिश्चित करें।

भवदीय

(सीमा जौनसारी)

सेवा में

अपर निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, (नाम से)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय।

पृ0सं0:–   / 2014–15 तद्दिनांकित।

प्रिय महोदय

इस अर्द्धशासकीय पत्रांक की प्रतिलिपि आपको जनपदीय एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यालयों के निरीक्षण, निर्देशित कार्यों की समीक्षा एवं अधीनस्थ कार्यालयों को शैक्षिक एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन हेतु प्रेषित कर रही हूँ।

भवदीय

(सीमा जौनसारी)

सेवा में

मण्डलीय अपर निदेशक प्रा0शिक्षा,(नाम से)
गढ़वाल मण्डल पौडी / कुमांऊ मण्डल नैनीताल।

पृ0सं0:–   / 2014–15 तद्दिनांकित।

प्रिय महोदय

इस अर्द्धशासकीय पत्रांक की प्रतिलिपि आपको निर्देशित कार्यों को धरातल पर संचालित एवं सम्पादित किये जाने हेतु प्रेषित कर रही हूँ।

भवदीय

(सीमा जौनसारी)

सेवा में

समस्त उपशिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड (जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शिक्षा) के माध्यम से)।